तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 मां की ऐसी भक्ति कील पर लेटकर पेट पर जला रहीं मनोकामना ज्योति



## खबर संक्षेप

### नेशनल हाइवे में वाहनों की हुई सघन जांच

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन द्वारा गठित की गई वाहनों की जांच के लिए विशेष दस्ते का गठन किया गया है। विशेष दस्ते की टीम ने मंगलवार को पाली नेशनल हाईवे पर पहुंची जहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में आने जाने वाले दोनों दिशाओं के वाहनों को लगातार रुकवा कर संयुक्त दल की टीम में एक-एक वाहनों की सघन जांच पड़ताल की गई। उक्त कार्यवाही में आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक डॉ सुकान्त पांडेय, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, परिवहन निरीक्षक सुजीत कुमार सिन्हा, वाणिज्य कर निरीक्षक अमर सिंह कंवर, पुलिस कांस्टेबल चन्द्र प्रकाश बिंझवार, नगर सैनिक राजेश दुबे, प्रजेश सिंह एवं अंबिका सांडे उपस्थित रहे।

### एनडीए में देव्यांश कौशिक का चयन

**कोरबा।** जिले होनहार विद्यार्थी देवयांश कौशिक का एनडीए में



चयन हुआ जिन्हें ऑल इंडिया रैंकिंग में 344वां स्थान मिला। परीक्षा में 7 से 8 लाख बच्चों ने दिलाया था जिसमें 699 बच्चों का चयन हुआ। देव्यांश कौशिक की जुलाई से पुणे में 3 साल की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद एक साल हैदराबाद में स्पेशल ट्रेनिंग होगी इसके पश्चात फ्लाइंग ऑफिसर का पोस्ट मिलेगा। देव्यांश कौशिक ने देहरादून के वन एएफएसबी सलेक्शन सेंटर में एयरफोर्स का 5 दिन का एसएसबी इंटरव्यू दिलाया। देव्यांश कौशिक क्लास वन से दसवीं की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में पूरी करने के बाद नागपुर के आर्म फोर्स प्रिपेट्री एकेडमी में 11वीं और 12वीं की परीक्षा के साथ साथ एनडीए की तैयारी की। उसके बाद एनडीए की परीक्षा दिलाया।

### मतदान के लिए प्रेरित करने रेंजर्स पहुंच रहीं डोर-टू- डोर



**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा मतदान के प्रति जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की रानी लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम की रेंजर्स ने शहर की काशीनगर बस्ती में डोर- टू- डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। डीओसी (गाइड) एवं रेंजर लीडर उत्तरा मानिकपुरी के नेतृत्व में रेंजर मधु कश्यप, सुहाना महंत, वर्षा, गीतिका ने बस्ती के 50 से ज्यादा घरों में दस्तक दी। रेंजर्स ने प्रत्येक घरों से मतदाताओं की जानकारी ली और उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाताओं का ध्यान आकृष्ट कराया गया कि 7 मई को देश के लोकतंत्र का पर्व है और सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए आपने बूथ तक पहुंचना है। इसके अलावा रेंजर्स द्वारा अन्य माध्यमों से भी मतदान के प्रति जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है।

### निषाद केवट समाज ने मनाया गुहा निषाद का जन्मोत्सव

**कोरबा।** निषाद केंवट युगपुरोधा श्रृंगवेरपुर के महाराजा एवं भगवान श्रीराम चन्द्र के सखा श्री श्री गुहा निषाद का जन्म उत्सव छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज द्वारा निषाद पंचमी के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से जिले के अध्यक्ष ललित कैवर्त पूर्व अध्यक्ष, अजीत कैवर्त उपाध्यक्ष, दिनेश कैवर्त महासचिव, किशन कैवर्त, कोषाध्यक्ष संतोष कैवर्त, पूर्व सलाहकार लक्ष्मण कैवर्त, सचिव देवनाथ कैवर्त, महिला प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष श्रीमती लता कैवर्त, ईकाई अध्यक्ष श्रीमती सुनीता कैवर्त, खिलेश्वर कैवर्त, मिलाप राम केवट, विनय कैवर्त उपस्थित रहे।

# 15 लाख की लागत से चुईया ग्रामीण साप्ताहिक बाजार की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में चलने वाले साप्ताहिक बाजारों की तस्वीर बदलने की कवायद नाबार्ड के द्वारा जिले में दो वर्ष पूर्व की गई थी। सर्वप्रथम ग्राम कोरकोमा में पहला मॉडल बाजार तैयार किया गया था और अब ग्राम चुईया के साप्ताहिक बाजार की तस्वीर बदलने की तैयारी की गई है। 15 लाख की लागत से चुईया साप्ताहिक बाजार को मॉडल बाजार का रूप दिया जाएगा। जहां व्यवसायियों और बाजार आने वाले ग्राहकों के लिए सुविधाएं रहेंगी।

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों के साप्ताहिक बाजारों के तस्वीर बदलने को लेकर जिला प्रशासन ने नाबार्ड के सहयोग से काम शुरू किया है। उक्त काम को लेकर नाबार्ड और प्रशासन की बैठक आहूत की गई थी, जिसके लिए नाबार्ड बाजार का प्राजेक्ट तैयार किया और उसके लिए राशि भी स्वीकृत की। नाबार्ड ने इसके पूर्व ग्राम कोरकोमा में साप्ताहिक बाजार का निर्माण 20 लाख की लागत से किया था। ⏭ शेष पेज 3 पर

### नाबार्ड के द्वारा तैयार किया गया बाजार का प्रोजेक्ट

**खास बातें**

- गोदाम के साथ सुलभ काम्पलेक्स का होगा निर्माण
- ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा, यातायात होगी सुगम



**ये रहेगी सुविधाएं**

बढ़ने वाले मॉडल साप्ताहिक बाजार में गोदाम, सुलभ शौचालय, तीन बड़े शेड, जिस पर दोनों ओर 80 व्यवसायियों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। आवारा मवेशियों के बाजार में प्रवेश को रोकने के लिए चारों तरफ फेंसिंग कराने के साथ बाजार के बाहर पार्किंग स्थल का मॉडल तैयार किया गया है एवं बाजार के दिन चौकीदार भी तैनात रहेंगे।

### यहां संचालित हैं साप्ताहिक बाजार

कोरबा विकासखंड के अंतर्गत जामबहार पंचायत से लेकर लेमरू पंचायत तक 20 साप्ताहिक बाजार संचालित हैं। इनमें जामबहार, सोनपुरी, चुईया, अजगरबहार, सतरेंगा, कदमझरिया, तरईडांड, देवपहरी, लेमरू, बड़मार आदि बाजार शामिल हैं, इनके अलावा छोटे-छोटे ग्रामों में हटरी संचालित हैं। नकिया और विमलता में चलने वाले साप्ताहिक बाजार में उदयपुर के व्यवसायी बाजार के लिए पहुंचते हैं। चोरनई नदी में पुल निर्माण के बाद जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में उदयपुर जिले से व्यवसायियों की आवाजाही बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर श्यांग में साप्ताहिक बाजार लगने से गुरमा के रास्ते धरमयगढ़ से व्यवायियों का आना जाना होता है।

## पोड़ी उपरोड़ा और पाली विकासखंड का मामला

# मनरेगा में तकनीकी सहायक संभाल रहे कार्यक्रम अधिकारी का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय में मनरेगा प्रकोष्ठ में पद विरूद्ध कर्मियों की पदस्थापना का मामला सामने

**खास बात**

- कार्यक्रम अधिकारी से लिया जा रहा है अन्य काम

आया है। पोड़ी उपरोड़ा और पाली विकासखंड में कार्यक्रम अधिकारी का काम तकनीकी सहायक को सौंप दिया गया है। वहीं तकनीकी सहायकों को जिला पंचायत में अटैच कर अन्य काम दिए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य कर्मचारियों से भी पद विरूद्ध काम लिया जा रहा है।

मनरेगा में चाहे रोजगार सहायक का मामला हो या तकनीकी सहायक का या कार्यक्रम अधिकारी का। कहीं न कहीं इनसे पद विरूद्ध काम लिए जाने की शिकायतें विकासखंड मुख्यालय से सामने आई है और अब तक इस मामले में जिले के प्रशासनिक अधिकारी तो दूर जिला पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों ने भी संज्ञान नहीं लिया है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है। यहां कार्यक्रम



फाइल फोटो

अधिकारी को हटाकर उसकी जगह तकनीकी सहायक को पदस्थ कर दिया गया है। इस तरह पाली विकासखंड में भी तकनीकी सहायक को भी कार्यक्रम अधिकारी बनाया गया है, जिसे लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है। वहीं पद विरूद्ध काम लिए जाने की शिकायतें शासन स्तर से भी की गई है। मनरेगा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अंचलों में रोजगार मूलक कार्य चलाए जाते हैं। जिसमें ग्रामीणों को 243 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी प्रदान की जाती है। जिनके द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन तकनीकी सहायक के द्वारा किया जाता है और तकनीकी सहायक की रिपोर्ट पर ही ग्रामीणों की मजदूरी तय होती है। तकनीकी सहायक अपनी रिपोर्ट कार्यक्रम अधिकारी को सौंपते हैं, जिनमें मजदूरी का अनुमोदन कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायत को प्रेषित करते हैं, किंतु पाली और पोड़ी उपराड़ा विकासखंड में नकनीकी सहायक मनरेगा से किए गए कार्यों का स्वयं मूल्यांकन करते हैं और स्वयं ही कार्यक्रम अधिकारी के प्रभारी के तौर पर रिपोर्ट जिला पंचायत को प्रेषित करते हैं।

### प्रशासनिक और तकनीकी एक ही व्यक्ति के हवाले

मनरेगा के विकासखंड मुख्यालय में प्रशासनिक एवं तकनीकी काम एक ही व्यक्ति के जिम्मे है और वह हैं तकनीकी सहायक। तकनीकी सहायक मूलतः निर्माण कार्यों के मूल्यांकन के लिए ही पदस्थ किए गए हैं, लेकिन पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में तकनीकी सहायक ही कार्यक्रम अधिकारी का प्रशासनिक काम देख रहे हैं। कार्यों के संचालन को लेकर यही विसंगति सामने आई है, किंतु पद विरूद्ध काम की व्यवस्था को बदलने के लिए अधिकारी रूचि नहीं दिखा रहे हैं। रोजगार सहायक भी सहायक परियोजना अधिकारी एवं दोनों ब्लॉक के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी के रवैय्यै से परेशान हैं। कुछ जनप्रतिनिधियों ने इस पर संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर जल्द ही कलेक्टर को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।

# स्कूल बस चालकों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण



शिविर के दौरान उपस्थित आरटीओ व यातायात विभाग के कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के विभिन्न स्कूलों में संचालित स्कूल बस की फिटनेस

**खास बात**

- यातायात पुलिस की पहल पर लगाया गया कैंप

टेस्ट के साथ-साथ चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इंदिरा स्टेडियम में शिविर आयोजित की गई। जिसमें चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उनका नेत्र जांच भी कराया गया है जिनके आंख में कमजोरी पाए गए उन्हें चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। साथ-साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि जिले के निजी व सरकारी स्कूलों में 100 से अधिक स्कूल बस सड़कों में दौड़ती है। जिसमें स्कूली बच्चों को लाने ले जाने का काम किया जाता है। इन स्कूल बसों का फिटनेस पूरी तरह से ठीक हो और चालक बच्चों को लाते ले जाते समय किन-किन बातों की सावधानी रखें इसके लिए इंदिरा स्टेडियम में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां यातायात एएसआई मनोज राठौर ने स्कूली बसों का संचालन करने वाले बस चालकों को ⏭ शेष पेज 3 पर

# अलग-अलग झुण्ड में बंटे हाथी बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। केंदई वन परिक्षेत्र में 39 की संख्या में हाथियों का झुण्ड तीन अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहा है। जिससे ग्रामीणों को और भी खतरा बढ़ गया है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी मैदानी अमले के अलावा थर्मल ड्रोल कैमरे से कराई जा रही है। इसके बावजूद हाथियों के गांव तक पहुंचने तथा नुकसान पहुंचाए जाने का अंदेशा लगतार बना हुआ है। ग्रामीण बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से भयभीत है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विचरण कर रहे 39 हाथियों के झुण्ड में एक चेतक नामक खतरनाक व उत्पाती दंतैल भी शामिल है जो कोरबी बीट अंतर्गत मातिनदाई मंदिर व डंपिंग एरिया के आस-पास सक्रिय है। जबकि रेंज के कापानवापारा सर्किल में 20 तथा साल्ही पहाड़ में 18 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। हालाकि हाथियों के इन दोनों झुण्ड ने तत्काल कोई उत्पात मचाया है और न ही बड़ा नुकसान किया है। फिर भी वन विभाग का अमला एहतियात के तौर पर सर्तकता बरत रहा है। वन विभाग हाथियों की हर गतिविधियों पर नजर रखने के अलावा ग्रामीणों को मुनादी कराकर सावधानी बरतने को कह रहा है। उनसे अपील की जा रही है कि अनावश्यक वें जंगल में न जाए वहीं भोर में महुआ संग्रहण से भी दूरी बनाए रखे।

# घायल ऑटो चालक की मौत, 24 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने शनिवार की देर शाम एक ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे ऑटो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। देर रात को उपचार के दौरान ऑटो चालक की

**खास बातें**

- बालको थाना क्षेत्र के परसाभाठा मार्ग पर ट्रेलर ने आटो को मारी थी ठोकर
- पिता सहित दो पुत्रों की हालत है गंभीर, निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज

आखिरकार मौत हो गई है। हादसे के बाद से शाम से ही चक्काजाम बदस्तूर जारी है और पिछले 24 घंटे से सड़क पर लाश रखकर चक्काजाम जारी है जिससे शहर के अलग-अलग क्षेत्र में भारी वाहनों का काफिला लग गया है। प्रशासन और पुलिस की टीम मामले को सुलझाने में लगी रही रात लगभग 8 बजे मामले का पटाक्षेप हुआ तब जाकर यातायात व्यवस्था बहाल हुई।

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा बालको मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सोमवार की शाम एक ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे ऑटो में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। जिसके बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा था और परसाभांठा मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया गया था। हादसे में घायल सभी लोगों को बालको के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां देर रात को उपचार के बाद भदरापारा बाल्को निवासी ऑटो चालक मनोज लहरे 37 वर्ष पिता अगस्त राम लहरे की मौत हो गई थी। इसके बाद मंगलवार की सुबह पुनः ऑटो चालको का आक्रोश भड़क उठा और परसाभांठा बस्तीवासी पहले से ही चक्काजाम पर डटे हुए थे तो वहीं दूसरी ओर ऑटो संघ के पदाधिकारी दल बल सहित बालको जा पहुंचे और परसाभांठा मुख्य मार्ग में ऑटो सहित अन्य वाहनों को लगाकर चक्काजाम कर दिया गया। प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी लगातार मौके पर डटे रहे और समझाइश का सिलसिला जारी रहा। कई बार बात बनती बिगड़ी रही इस बीच पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद ऑटो चालक मनोज लहरे के परिजन लाश को लेकर सीधा परसाभांठा घटनास्थल जा पहुंचे और शाम को फिर से लाश ⏭ शेष पेज 3 पर



शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन व बस्तीवासी।

### हादसों को रोकने एसपी द्वारा की जा रही है पहल

जिले में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अपनी टीम के साथ जिले के सभी ब्लैक स्पॉटों को चिन्हांकित भी किया है और हादसों को कैसे रोका जाए इस दिशा पर उनके द्वारा पहल भी की जा रही है। बताया जाता है कि अलग-अलग क्षेत्र में उनके द्वारा लगातार दौरा कर हादसों में घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए मित्र दल बनाया गया है व मोबाइल नंबर सार्वजनिक भी किया गया जा रहा है और ब्लैक स्पॉटों को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस दिशा पर प्रयास भी किया जा रहा है। निश्चित तौर पर विभाग की पहल सराहनीय है लेकिन अब आउटर को छोड़कर शहरी इलाके में ज्यादातर हादसे हो रहे हैं। इसलिए पुलिस के आला अफसरों को इस ओर भी ध्यान देना होगा और ट्रक चालकों की क्लास लेनी होगी ताकि उन्हें शहर में कैसे वाहनों का परिचालन कितनी गति सीमा में करनी है इसकी पाठ पढ़ानी होगी तब जाकर शहर में हादसा पर विराम लग सकेगा।

## कोल इंडिया के जीएमपी ने जारी की अधिसूचना

# स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम को मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला अधिकारियों की तर्ज पर कोल कर्मियों (गैर-अधिकारियों)

**खास बात**

- कोयला कर्मियों को स्कीम के तहत जबरन रिटायर नहीं किया जा सकता

के लिए भी कोल इंडिया बोर्ड ने समय पूर्व (स्वैच्छिक) सेवानिवृत्ति स्कीम को मंजूरी दे दी है। कोल इंडिया की बोर्ड की बैठक में सेवानिवृत्ति स्कीम को मंजूरी दी गई थी। उक्त स्कीम से संबंधित अधिसूचना मंगलवार को कोल इंडिया के जीएमपी ने जारी की है।

50 साल और 20 साल नौकरी कर चुके कोल इंडिया या अनुषंगी कंपनी के कर्मी स्कीम के तहत समय पूर्व रिटायर हो सकते हैं। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए तीन माह पहले आवेदन करना होगा। अनुषंगी कंपनी स्तर पर सीएमडी और कोल इंडिया स्तर पर कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक निर्णायक अधिकारी होंगे। हालांकि उक्त स्कीम के तहत जबरन रिटायर नहीं किया जा सकता है। स्कीम के तहत रिटायर होनेवाले कोयलाकर्मी को सेवानिवृत्ति के बाद मिलनेवाली सुविधाएं मसलन सीएमपीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट आदि पर असर नहीं पड़ेगा। इतना ही नहीं सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली मेडिकल सुविधाएं भी सीपीआरएमएस स्कीम के तहत मिलेंगी। स्कीम में किसी तरह का बदलाव या क्रियान्वयन में तब्दीली कोल इंडिया अथवा अनुषंगी कंपनी के बोर्ड के निर्णय से होगा। वहीं स्कीम को जारी रखने या समाप्त करने संबंधी अधिकार सिर्फ कोल इंडिया बोर्ड के पास होगा। स्कीम के तहत रिटायर होनेवाले कर्मों के सभी तरह के क्लेम आवेदन स्वकृक्ति के एक माह के अंदर निष्पादित किए जाएंगे।

### दागी नहीं कर सकेंगे आवेदन

स्कीम के तहत समय पूर्व सेवानिवृत्ति के लिए वैसे कोयलाकर्मी आवेदन नहीं कर सकेंगे, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच चल रही हो। चार्जशीट या दंडित हुए हैं या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई हो। आवेदन के लिए विजिलेंस क्लीयरेंस अनिवार्य है।

# व्यय प्रेक्षक ने विधानसभाओं के नोडल व्यय अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार आईआरएस ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संसदीय क्षेत्र कोरबा के सभी 8 विधानसभाओं के नोडल व्यय अधिकारियों एवं सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की बैठक ली। उन्होंने संबंधितों को निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने सभी विधानसभा में निर्वाचन के दौरान व्यय निगरानी हेतु निर्मित विभिन्न समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, एमसीएमसी, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली। उन्होंने सभी दलों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक सभी सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन में सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारियों को सजग रहने एवं अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल तथा निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर सतर्कता से कार्य करें। इस हेतु सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य ⏭ शेष पेज 3 पर



बैठक के दौरान उपस्थित प्रेक्षक एवं नोडल अधिकारी।



# वर्ल्डवाइड भी छाया अक्षय और टाइगर का एक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज के बाद अच्छा परफॉर्म कर रही है। फिल्म को ना सिर्फ देश में बल्कि विदेश में भी पसंद किया जा रा है। अब बड़े मियां छोटे मियां का वर्ल्डवाइड दूसरे दिन का कलेक्शन आ गया है। प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के अनुसार, शुक्रवार को दूसरे दिन फिल्म की कुल कमाई वर्ल्ड वाइड 55.14 करोड़ रुपए पहुंच गई। 11 अप्रैल को ईद वाले दिन रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 36.33 करोड़ रुपए की वर्ल्ड वाइड कमाई की थी। वैसे ट्रेड एक्सपर्ट्स अब भी फिल्म को लेकर काफी ज्यादा इम्प्रेस नहीं हैं।

लाइफ Style

# नोरा फतेही



अपने डांस से बड़ी से बड़ी एक्ट्रेस को टक्कर देने वाली नोरा फतेही ने 'मडगांव एक्सप्रेस' में कमाल की परफॉर्मेंस देकर सबको इंप्रेस किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा भी कर पाई हो, मगर एक्ट्रेस की एक्टिंग को लोगों से सराहना मिली है।

## दिखावटी होती हैं फिल्म इंडस्ट्री की शादियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

'मडगांव एक्सप्रेस' में अपने काम के लिए तारीफें बटोर रहीं नोरा फतेही ने हाल ही में बॉलीवुड को लेकर हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बी टाउन कपल्स को लेकर ऐसी बात कही है, जिसे सुन कोई भी हैरान हो सकता है। इंटरव्यू में नोरा ने कुछ चीजों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्यों ज्यादातर बॉलीवुड कपल शादीशुदा नहीं हैं और वे प्रासंगिक बने रहने के लिए एक-दूसरे का इस्तेमाल करते हैं। नोरा ने बिना किसी का नाम लिए बॉलीवुड कपल्स पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''वो सिर्फ फेम की वजह से आपका इस्तेमाल करना चाहते हैं। वो मेरे साथ नहीं हो सकते, इसलिए आपने मुझे किसी लड़के के साथ नहीं देखा होगा, लेकिन मैं अपने सामने ये सब होते हुए देख चुकी हूं।'' उन्होंने दावा किया कि फिल्म इंडस्ट्री में लोग स्टेटस मेंटेन करने के लिए शादी करते हैं।


नोरा ने बताया कि लोग अपने पति या पत्नी का इस्तेमाल नेटवर्किंग के लिए करते हैं। वो सोचते हैं कि मुझे उस शख्स से शादी करनी है, ताकि मैं तीन सालों तक उससे जुड़ी रहूं, क्योंकि कुछ फिल्में रिलीज हो रही हैं और वे बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं। लोग इस तरह से हिसाब किताब लगाते हैं। उन्होंने दावा कि कपल ऐसा सही कैंप में बने रहने के लिए करते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# कान्स में फिर गूंजा पायल का नाम

**लॉस एंजिलिस।** फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमैजिन ऐज लाइट' को साल 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गुरुवार को इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की है। कपाड़िया को उनकी शानदार डॉक्यूमेंट्री 'ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग' के लिए जाना जाता है, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2021 में ओइल डी'ओर (गोल्डन आई) पुरस्कार जीता था। फ़िल्म का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में जहां सिंगुलर फॉर्म में कंटेम्प्ररी सिनेमा दिखाए जाते हैं के अंतर्गत हुआ।





# फिल्म को देखने के बाद हुई रहस्यमयी मौतें

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनीं, जो हर तरह के ऑडियंस के लिए थीं। हॉलीवुड हमेशा से ही दमदार कंटेंट बनाने के लिए जाना जाता है। हॉरर से लेकर एक्शन और लगभग हर जॉनर में जबरदस्त फिल्में बनी हैं। ऐसी ही एक फिल्म बनी 'एंट्रम'। इस फिल्म को हॉलीवुड ती शापित फिल्म माना जाता है। इसे देखने के बाद कई लोगों की मौत हुई थी। आज भी इसे देखकर लोग खौफ से भर जाते हैं। आइए बताते हैं इसके बारे में सबकुछ। कनाडाई हॉरर फिल्म 'एंट्रम' अब तक की सबसे घातक फिल्म मानी जाती है। 'एंट्रम' में कहानी और पिक्चर्स दोनों डरावने दिखाए गए हैं। 'एंट्रम' फिल्म कथित तौर पर शापित है, जिसके कारण कई मौतें हुई हैं। 'एंट्रम' की शुरुआत एक मिनी-मॉक्यूमेंट्री से होती है जो फिल्म में एंट्रम के बारे में बात करती है। इसमें एक जंगल का सीन दिखाया गया है जिसमें दो भाई-बहन घूमते हैं।



# प्रेग्नेंट दीपिका की स्किन का हुआ बुरा हाल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना गोल्डन पीरियड एंजॉय कर रही हैं। जी हां, दीपिका जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर सिंह और दीपिका के घर में नन्हा मेहमान आने वाला है। प्रेगनेंसी अनाउंसमेंट के बाद दीपिका को कई जगहों पर स्पॉट किया गया है। हाल ही में उन्हें अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग फंक्शन में देखा गया था। दीपिका प्रेगनेंसी पीरियड के दौरान एक्टिंग से भले ही दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। इसी बीच उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें उनकी बॉडी पर बुरी तरह से टैनिंग के निशान नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को देखने के बाद यूजर्स उन्हें कमेंट कर तरह तरह के सजेशन देते दिख रहे हैं।



# डिलिवरी बॉय का सोनू ने किया सपोर्ट

मुंबई। गुरुग्राम में पिछले दिनों स्विगी के डिलिवरी बॉय ने फ्लैट के बाहर रखे जूते चोरी कर लिए थे। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। अब इस मामले पर सोनू सूद का रिएक्शन आया है। उन्होंने डिलिवरी बॉय के खिलाफ कोई भी एक्शन नहीं लेने की अपील की। इसके साथ ही, उन्होंने लोगों से डिलिवरी बॉय के लिए नए जूते खरीद कर देने की भी मांग की। सोनू सूद की इस अपील को जहां कुछ लोगों ने सराहा है, तो कई लोगों ने एक्टर की जमकर ट्रोलिंग कर दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सोनू सूद ने लिखा, 'अगर स्विगी के डिलीवरी बॉय ने किसी के घर खाना पहुंचाते समय एक जोड़ी जूते चुरा लिए, तो उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लें। वास्तव में उसके लिए एक नए जोड़ी जूते खरीद दें। उसे सचमुच इसकी जरूरत हो सकती है। दयालु बनें।'

## टीवी मसाला



# 15 साल बाद बंद होने जा रहा 'ये रिश्ता ... मिला नोटिस

मुंबई। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 15 साल से चल रहा है और इसकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। लोग आज भी इस शो को पसंद करते हैं और यह लंबे समय से टॉप पांच शोज में से एक रहा है। इस शो का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच, शो से जुड़ी खबर आई कि इसे बंद करने के लिए नोटिस मिला है। इन सबके बीच, राजन शाही ने शो को लेकर चुप्पी तोड़ी है और खास बातचीत में कहा है कि ऐसे नोटिस मिलने से शो की टीआरपी और बढ़ जाती है। वह 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के काफी करीब रहे हैं। शो उतार-चढ़ाव से गुजरा है। कई बार ऐसा हुआ जब टीआरपी गिरी और कई बार शो को लंबे समय तक चलने के लिए ट्रोल किया गया। राजन ने हाल ही में इफ्तार पार्टी की, जहां 'अनुपमा', 'आई कुथे काय करते', 'बातें कुछ अनकही सी', 'वो तो है अलबेला', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और कई शोज के कलाकारों को इनवाइट किया था। उन्होंने उन सभी एक्टर्स को पार्टी में आमंत्रित किया जिनके साथ उन्होंने पहले काम किया है। पार्टी के दौरान उन्होंने मीडिया से बात की।

# इस साल नहीं आएगा 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3'

**मुंबई।** 'बिग बॉस' इंडियन टेलीविजन पर सबसे बड़े रियलिटी शोज में से एक है। इसके टीवी पर 17 सीजन्स आ चुके हैं, तो वहीं ओटीटी पर दो। जिसमें एक करण जौहर और दूसरा सलमान खान ने होस्ट किया था।



पिछले कुछ दिनों से इसके सीजन 3 के आने की भी खबरें थीं। कहा जा रहा था कि वह मई में शुरू हो सकता है। मगर अब इससे जुड़ी एक नई जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस साल ओटीटी पर बिग बॉस नहीं आएगा। दरअसल, 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 1' जहां दिव्या अग्रवाल ने जीता था। वहीं दूसरा सीजन वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एल्विश यादव ने अपने नाम किया था। अब इसके तीसरे सीजन को लेकर अटकलें थीं कि नया सीजन इस साल 15 मई से प्रसारित हो सकता है। हालांकि एक सूत्र ने बताया है कि इस साल मेकर्स ओटीटी सीजन 3 को लेकर कोई प्लानिंग नहीं कर रहे हैं।



# मायानगरी में होगा पूजा का नया आशियाना

मुंबई। सुपरस्टार ऋतिक रोशन की फिल्म मोहनजोदड़ो से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं अभिनेत्री पूजा हेगड़े किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं। बहुत कम समय में बतौर एक्ट्रेस पूजा ने खुद का खास मुकाम बनाया है। साउथ सिनेमा से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वालीं पूजा हेगड़े को लेकर इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने मायानगरी यानी मुंबई में एक नया घर खरीद लिया है और जल्द ही वह इसमें शिफ्ट होने वाली हैं। हर उभरते हुए फिल्म कलाकार का एक सपना होता है कि वह मुंबई में खुद का आशियाना बनाए। समंदर किनारे उनका भी घर हो। इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए अब एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने भी ये सपना सच कर लिया है। खबर के मुताबिक किसी का भाई किसी की जान अदाकारा ने हाल ही में मुंबई के बांद्रा में एक नया घर खरीदा है। उनका ये नया लग्जरी घर सिया फेस, जो 4000 हजार स्क्वायर फीट में बना हुआ है। पूजा के इस होम की कीमत करीब 45 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जो वाकई हैरान करने वाली है। ऐसे में इंडस्ट्री के तमाम फिल्मी सितारों के साथ मुंबई के बांद्रा स्टैंड में पूजा का भी एक घर शामिल हो गया है। बताया ये भी जा रहा है कि जल्द ही वह इस नए घर में शिफ्ट होने वाली हैं। बीते साल सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आने वालीं पूजा हेगड़े आने वाले समय में सुपरस्टार शाहिद कपूर के साथ काम करती दिखेंगी। दरअसल शाहिद और पूजा ने एक क्राइम थ्रिलर फिल्म देवा को साइन किया है।

# अब तक नहीं मिले 'झलक दिखला जा 11' में जीत के पैसे



**मुंबई।** मनीषा रानी को 'दिलों की रानी' के नाम से भी जाना जाता है। मनीषा ने अपने फैंस के दिलों पर कब्जा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। दर्शक उनके नेचर और टैलेंट दोनों को पसंद करते हैं। मनीषा ने हाल ही में अपने डांस की बदौलत सितारों से सजे डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 11' को जीता। हाल ही में एक व्लॉग में, मनीषा रानी ने खुले तौर पर खुलासा किया कि उन्हें अभी तक 'झलक दिखला जा 11' से जीत का इनाम नहीं मिला है। उन्हें अब तक पैसे नहीं दिए गए हैं। उनके व्लॉग में, हम मनीषा को अपने दोस्त महेश केशवाला के साथ बातचीत करते हुए देखते हैं। महेश को ठगेश के नाम से जाना जाता है। दोनों मजाक में एक चाय की दुकान खोलने की बात कहते हैं और मनीषा का दावा है कि ठगेश इसे चलाएंगे। तब ठगेश ने उन्हें बताया कि मनीषा ने 'झलक दिखला जा 11' जीता है, तो इसे उन्हें ही खोलना चाहिए। मनीषा ने कहा, 'झलक की जीत की रकम अभी तक नहीं आई है।' उन्होंने आगे कहा, 'आधा काट लेंगे वो लोग।' इसके बाद मनीषा ने कुछ जोक्स कहे कि कैसे लोग अमीर होते हैं जब उनके पास एक अमीर पार्टनर होता है।

# जाह्नवी की 'उलझ' को लेकर आया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बावजूद इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय से फैंस के बीच एक अलग पहचान बनाई है। अब वह जल्द ही सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'उलझ' में दिखाई देंगी। इस मूवी में वह भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर के साथ फिल्म में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, मियांग चांग और सचिन खेडेकर भी दिखाई देने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि ये मूवी इसी साल रिलीज हो सकती है। जाह्नवी कपूर की फिल्म्स का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब हाल ही में उनकी मूवी उलझ सुर्खियों में बनी हुई है। बीते साल जंगली पिक्चर्स ने इसका फर्स्ट लुक शेयर किया था। वहीं, इसकी शूटिंग भी खत्म हो गई है। अब बस फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उलझ का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर सकते है। ऐसे में अब फैंस भी इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर भी अपनी फिल्म उलझ को लेकर काफी उत्साहित हैं। एक इंटरव्यू में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि जब मुझे उलझ की स्क्रिप्ट के साथ संपर्क किया गया, तो इसने मुझे तुरंत आकर्षित कर लिया, क्योंकि एक एक्ट्रेस के रूप में, मैं लगातार ऐसी स्क्रिप्ट की तलाश में रहती हूं, जो मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें।

बता दें कि इसके अलावा एक्ट्रेस कपूर शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देने वाली हैं।



# फिल्म 'जेलर 2' से बड़ा धमाका करेंगे रजनीकांत



**मुंबई।** साल 2023 में फिल्म 'जेलर' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के बाद रजनीकांत और नेल्सन की जोड़ी अब एक बार फिर धमाका करने के लिए तैयार है। 'जेलर' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म रही और इसे खूब पसंद किया गया था। अब इसका सीक्वल आ रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। पिछले कई महीनों से 'जेलर' के सीक्वल को लेकर सुगबुगाहट चल रही थी। बताया जा रहा था कि नेल्सन 'जेलर' की रिलीज के बाद से ही इसके सीक्वल पर काम कर रहे हैं। अब जेलर 2 से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है, जिसके बारे में जान फैंस खुशी से नाच उठेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोर्स ने बताया कि 'जेलर 2' का पहला ड्राफ्ट लॉक हो गया है और टीम नेल्सन द्वारा तैयार किए गए कॉन्सेप्ट से खुश है। नेल्सन अब टाइगर के रोल में रजनीकांत को और अधिक एक्सप्लोर करना चाहते हैं और वह इसी में बिजी हैं।

## खबर संक्षेप



### एसईसीएल सभागार में मनी आंबेडकर जयंती

**कोरबा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के क्रेन्द्रीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके गुप्ता महाप्रबंधक ने बाबा साहब के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के साथ शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एसकेपी शिंदे, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक ने दिया। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को उनके इस विचार के लिए जाना जाता है कि शिक्षा परिवर्तन ला सकती है और सामाजिक और आर्थिक गतिशीलता दोनों को प्राप्त करने की एक विधि के रूप में ज्ञान की खोज को बढ़ावा दे सकती है और सभी समूह के साथ समानता और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उनके देश के प्रति समर्पण और सेवा के लिए याद किया गया। कार्यक्रम में कोरबा क्षेत्र के श्रम संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### चैतमा में मनाया गया राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस



**चैतमा।** गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर मनाया गया राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस प्रति वर्ष 11 अप्रैल को कस्तुरबा गाँधी के जन्मदिन को राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस के रूप मे मनाया जाता है। जिसका मुख्य उदेश्य माताओं के स्वा स्वास्थ में सुधार लाना व मातृ मृत्यु दर को कम करना है। प्रथमिक स्वास्थ केन्द्र चैतमा मे सभी योजनाओ का क्रियन्वयन सुमन योजना के तहत किया जाता है। यहां आने वाली सभी महिलाओं की देखभाल सम्मान पूर्वक उनकी गरिमा व निजता को ध्यान में रखते हुए 24×7 बिना इनकार किए गारंटी के साथ पूर्णतः निशुल्क प्रदाय किया जाता है। राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस के अवसर पर गर्भवति महिलाओं को आदरपूर्वक निमंत्रण दिया गया व तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया व उनके सम्मान में पोषण आहार व सुहाग का सामान उनके आँचल में देकर गोद भराई किया गया। सुमन मास्टर ट्रेनर स्टाफ नर्स सरिता लहरें के द्वारा गर्भावस्था में आने वाली जटिलता पोषक आहार सुरक्षित मातृत्व व माताओ को बारह अधिकर के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया गया। आरएमए प्रभा राठौर के द्वारा सभी गर्भवती माता को नियमित जाँच कराने के प्रेरक बाते बतायी गई।

### हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान जागरूकता पर हुई क्वीज प्रतियोगिता

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत कटघोरा के शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान आवश्यक और लोकसभा चुनाव पर आधारित सामान्य ज्ञान क्वीज प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीयूष मंझवार व गणेश रहे। द्वितीय स्थान पर गरिमा महंत व लक्ष्मी चौहान रहे और तृतीय स्थान आरती मंझवार व मंदाकिनी ने प्राप्त। प्रतियोगिता के विजेताओं को शिक्षकों के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर से घूमने निकले युवक ने कीटनाशक पी लिया। युवक ने घर पहुंच कीटनाशक पीने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम करमाहा परसीली पारा निवासी बाबू चंद आ. मोहर लाल (20 वर्ष) गुरूवार को गांव में घूमने के लिए निकला था। शाम 7 बजे घर लौटा और परिजन को बताया कि कीटनाशक पी लिया है। युवक की बात सून परिजन के होश उड़ गए और उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई।

### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा निवासी सत कुमार यादव आ. रामफल यादव (23 वर्ष) किसी काम के सिलसिले में बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएल 9329 से शहर आया था। रात हो जाने पर सुभाष नगर निवासी भाई घर रुक गया। युवक बाइक को घर के सामने खड़ा कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

## जिले सहित उपनगरीय क्षेत्रों में आंबेडकर जयंती पर निकाली गई रैली

# एसईसीएल मुख्यालय में डॉ. आंबेडकर की मनाई गई 133वीं जयंती



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सीएमडी श्री मिश्रा एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं निदेशक जी श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास के विशिष्ट आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों, एससी/एसटी एसोसिएशन, सिस्टा के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों की उपस्थिति में मनाई गई।

इस दौरान मुख्य अतिथि सीएमडी डॉ मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बुद्धं शरणं गच्छामि :, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि : से सीख लेते हुए अपनी संस्था, अपने कर्तव्यों एवं अपने समाज के प्रति हमेशा निष्ठावान रहने एवं बाबा साहेब के समता एवं समानता के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एससी/एसटी/ओबीसी एसोसिएशन, सिस्टा के प्रतिनिधिगण सर्वश्री ओपी नवरंग, कृष्णा सूर्यवंशी, अर्जुन कुमार, राहुल दास ने अपने सम्बोधन में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर प्रबंधन का आभार जताया। इस दौरान श्रीमती दिशा खोब्रागड़े, प्रबन्धक (सचिवीय) द्वारा बुद्ध वंदना की गयी। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर के द्वारा किया गया।

### गेवरा-दीपका में निकाली गई रैली



गेवरा दीपका के संयुक्त आयोजन समिति के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए बाइक रैली निकालकर नारों के साथ गेवरा दीपका के आम नागरिकों को भाईचारा प्रेम और संविधान से जुड़े हुए कानून के बारे में संदेश घर-घर तक पहुंचाये। संयुक्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि देश संविधान से चलता है संविधान के दायरे में शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी सड़क रोजगार किसान आम नागरिकों तक बुनियादी व्यवस्था करने का सरकारों की दायित्व होता है वर्तमान परिस्थिति में ये सब दिखता दिखाई नहीं दे रहा है उन्होंने आगे कहां कि हर समुदाय को संविधान के हिसाब से उनका मौलिक अधिकार मिला हुआ है सरकारों का जिम्मेदारी है उनकी मूलभूत व्यवस्था को बेहतर करना अत्यंत जरूरी है।ज प्रगतिनगर दीपका बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के स्थल से हर समुदाय के लोग शामिल होकर बाइक रैली निकाली।

### अंबेडकर जयंती पर किया रक्तदान



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में हिंदू क्रांति सेना के लोगों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू क्रांति सेना और समाज के युवाओं ने रक्तदान किया। बिलासा ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में गेवरा बस्ती हनुमान मंदिर चौक में हिंदू क्रांति सेना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सौ से भी अधिक लोगों ने रक्तदान किए, इस विशाल रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध हो सके, रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, रक्तदाता किशोर खूंटे ने बताया कि यह शिवर बिलासा ब्लड बैंक के तत्वाधान में हुआ है, हम सभी को रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान महादान है। हम सभी को रक्तदान कर जरूरत मंदो के लिए रक्तदान करना चाहिए।

### घटांघर में मना अंबेडकर जयंती



डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती घंटाघर स्थित अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा के प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े एवं सरजू अजय ने अपनी विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित समस्त युवाओं से आह्वान किया करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत ही गौरव का दिन है क्योंकि आज ही के दिन डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म हुआ था और उन्हीं के द्वारा बनाया गया। संविधान व कानून आज हमारे समूचे देश में पालन हो रहा है उनके द्वारा विशेष कर समाज के पिछड़े लोगों को एक महत्वपूर्ण अधिकार दिया गया वह है मतदान करने का अधिकार। इसलिए हमें सारे कार्य छोड़कर जब कभी भी राष्ट्रीय कार्यक्रम चाहे वह विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव हो हमें अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए और एक सशक्त और कुशल शासन का करना चाहिए। इस दौरान धर्म कुमार सांडे, सुरेशधारी, भुवनेश्वर कुर्रे, रवि खूंटे, गोपाल कुर्रे, दादू लाल मनहर, नरेंद्र रात्रे, बबलू डहरिया, राजेश लहरे, प्रमोद जांगड़े, सुग्रीता कुर्रे, सुनीता पाटले, रमा मिरी, धनसाय साहू, जय कुमार लहरे, सुरेंद्र खूंटे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल में मना अंबेडकर जयंती

नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल गेवरा में बीपी जैन कंपनी के उच्च अधिकारियों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सभी सफाई कर्मचारियों को मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार साहू, अजीत चौधरी, कम्पनी के अधिकारी व सिकंदर उसर वर्षा भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ, रमाकांत राठौर, पीपी सोनवानी, प्रकाश गोंडारे, संजय समुंद्रे, राजकुमारी मानिकपुरी, दीपक, रवि दास, लोकेश कुमार, निहाल कुमार, प्रमिला सारथी, मानकुंवर, तीज बाई रजक, लक्ष्मी बाई, धनेश्वरी बाई, राजरानी, बुधराज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



# बालको की प्रतिबद्धता से 3 लाख से अधिक लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वेदांता समूह की कंपनी बालको ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वित्त वर्ष 2024 में अपने सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं और अस्पताल के माध्यम से लगभग 3.3 लाख लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। कंपनी उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समुदाय की सेवा कर रहा है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए समुदाय को उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया है। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार को सार्थक करते हुए कंपनी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कंपनी ने 34 बुजुर्गों एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों को सहायक उपकरण वॉकिंग स्टिक, ट्राइपॉड, बैसाखी, वॉकर और व्हीलचेयर वितरित करके समावेशी, सहायक और न्यायसंगत समुदाय बनाने की दिशा में एक सहायक उपकरण वितरण अभियान शुरू किया। भदरापारा एवं बेलाकछार में दो दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। कंपनी के द्वारा समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए मेगा शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार एवं निशुल्क दवा दी गई। विशेषज्ञ सेवाओं में दंत चिकित्सक, त्वचा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और सामान्य चिकित्सक के साथ मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। समुदाय के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा उपचार के माध्यम से प्राथमिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर से लगभग 479 नागरिक लाभान्वित हुए। कंपनी के स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) उपचार आपके द्वार थीम पर समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। परामर्श सेवाओं के माध्यम से वैन 47 से अधिक समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। जरूरतमंदों को सामान्य बीमारियों के लिए निःशुल्क दवा एवं परामर्श और चिकित्सा सुविधाओं के साथ मुधमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद है। इस साल मोबाइल हेल्थ वैन से 15 हजार 599 लोगों को लाभ मिला।

बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदाय के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्टों के माध्यम से निवारक और उपचारात्मक दोनों उपायों को शामिल कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। स्वच्छता उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के साथ ही माहवारी स्वास्थ्य के स्थानीय चैंपियन विकसित किये हैं। अब तक इस परियोजना ने 57 हजार 386 से अधिक समुदाय के सदस्यों को माहवारी के प्रति संवेदनशील बनाया गया है।

## श्रमिकों को वर्षों से मिल रहे सुविधाओं को छीनने की जा रही कोशिश : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सिंघाली खदान के प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को वर्षों से मिल रहे सुविधाओं को छीनने का कोशिश किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिंघाली में स्थित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रबंधन ने 1 अप्रैल से प्रक्षिक्षण ले रहे कामगारों को नाश्ता व खाना देना बंद कर दिया है। इस संबंध में एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बयान जारी कर कहा कि सिंघाली प्रबंधन ने जो हरकत किया है वो पूरी तरह से गैरकानूनी ही नहीं बल्कि मजदूर विरोधी है। उन्होंने कहा कि एटक संगठन पूरी ताकत के साथ इस मसले पर प्रबंधन का मुखालफत करेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि विभिन्न खदानों से जो श्रमिक सिंघाली में स्थित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में वीटीसी या रिफ्रेशर कोर्स का प्रक्षिक्षण ले रहे हैं उन सभी कामगारों को नाश्ता व खाना एकाएक बंद कर देना कतई ठीक नहीं है। कामगार खदान में सुरक्षित तरिके से कैसे कार्य कर सके इसके लिए सिंघाली वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में श्रमिकों को प्रशिक्षित किया जाता है जोकि कोल माइन रेगुलेशन के तहत जरूरी भी है। खदानों में कामगारों को उनके जाब के अनुसार ही वीटीसी या रिफ्रेशर प्रक्षिक्षण देना ये नियमों के मुताबिक है जोकि कोल माइन्स रेगुलेशन मे उल्लेखित है। इसमें यह भी प्रावधान है की जो भी श्रमिक वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग लेगा उन्हें दो टाइम का खाना व नाश्ता मुफ्त में प्रबंधन मुहैया कराएगी। ये सब कोल माइंस रेगुलेशन के प्रावधानों के तहत ही है, परंतु यह बहुत ही गंभीर बात है कि सिंघाली वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के प्रभारी ने 1 अप्रैल से ट्रेनिंग ले रहे। श्रमिकों को भोजन एवं नाश्ता नहीं दे रहे हैं ये सब ठीक नहीं है। उन्होंने अंत में कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंघाली परियोजना के खान प्रबंधक एवं ढेलवाडीह उपक्षेत्र के सब एरिया मैनेजर को चेताया की सिंघाली वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में जो एकतरफा कार्यवाही कर ट्रेनिंग करने वाले कामगारों का भोजन व नाश्ता जो बंद है उसे तत्काल चालू किया जाए।

### बिजनेस साइट

## कृष्णा कीया शो रूम में नई सन रूफ सोनेट कार की हुई लॉचिंग



**कोरबा।** कृष्णा कीया में नई कार की लांचिंग एवं अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान किया। कम्पनी की नई सन रूफ सोनेट कार का लांचिंग कार्यक्रम बुधवार को कोरबा के कृष्णा किया शो रूम में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा कोरबा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि शिव अग्रवाल (उपाध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि रमन अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) एवं भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री कामथ सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे। सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात अग्रवाल सभा कोरबा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का एवं उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया गया। कृष्णा कीया के सेल्स मैनेजर दिलहरण ने नई सन रूफ सोनेट कार के फीचर के बारे में उपस्थित लोगों को पूर्ण जानकारी दी एवं इसकी विशेषता बताई तथा बताया कि इसकी एक्स शो रूम प्राईज मात्र 8 लाख 19 हजार रुपए है एवं यह कार अन्य कम्पनियों के कार से काफी सस्ती है। कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन अशोक मोदी ने बताया कि कृष्णा ग्रुप आज ऑटो मोबाईल के क्षेत्र में एक जाना पहिचाना नाम है। जिसकी शाखाएं छग में ही नहीं अपितु उडीसा राज्य में भी है एवं इन राज्यों में कृष्णा ग्रुप के लगभग 40 से अधिक आऊटलेट है। कृष्णा ग्रुप अपनी श्रेष्ठ सर्विस, उच्च क्वालिटी एवं आधुनिक संयंत्रों एवं संसाधनों के माध्यम से कार्य कर अपने ग्राहकों को संतुष्ट करती है एवं ग्राहकों की संतुष्टि ही कृष्णा ग्रुप का मुख्य उददेश्य है। यही कारण है कि ग्राहकों को कृष्णा ग्रुप के द्वारा विक्रय की जाने वाली गाडियों में पूर्ण भरोसा है। मुख्य अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल, शिव अग्रवाल, रमन अग्रवाल एवं कामथ जी ने भी क्रमशः अपने अपने विचार रखें एवं कृष्णा ग्रुप के कार्यों की प्रशंसा की तत्पश्चात कार का लांचिंग की गई। डायरेक्टर गौरव मोदी आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस अरोरा के द्वारा किया गया।

# कांग्रेस ने अन्नदाता किसानों के हित में बेहतर काम किया : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस हमेशा से ही अन्नदाता किसानों के बारे में सोचती आई है और उनके लिए जो भी बेहतर से बेहतर हुआ है, करने की कोशिश की है। हमने वादा किया है कि केन्द्र में सरकार आने पर किसानों का पूरा कर्जा माफ करने के साथ-साथ उन्हें कृषि उपयोगी बीज से लेकर उपकरणों, ट्रैक्टर, ट्राली तक में लगने वाले सभी तरह के टैक्स से मुक्त किया जाएगा।

उक्त बातें कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना महंत ने जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 5 साल से देशभर के किसान दिल्ली में आंदोलन पर 7सौ से 8 सौ किसान बलिदान दे चुके हैं किंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही। कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने के साथ ही एमएसपी लाया जाएगा। केन्द्र में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही तब-तब किसानों का कर्जा माफ किया गया। सरकार बनते ही 2 घंटे के भीतर कर्जा माफ और बिजली बिल हाफ की योजना अमल में लाई गई। मजदूरों को ईलाज की सुविधा के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा का भी लाभ हम देंगे। सांसद ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने 10 साल में कुछ नहीं किया, इस बार सरकार बदल कर देखिए, आपको अच्छा लगेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 15 लाख की लागत...

कोरबा ब्लॉक में यह पहला मॉडल साप्ताहिक बाजार था और अब ग्राम चुईया में बनने वाला साप्ताहिक मॉडल बाजार कोरबा ब्लॉक का दूसरा मॉडल बाजार होगा। सोनपुरी से अजगरबहार जाने वाली मुख्य मार्ग में स्थित साप्ताहिक बाजार चुईया की शुरूआत भी स्थानीय ग्रामीणों ने की थी। बीते चार वर्ष से साप्ताहिक बाजार एक बड़े बाजार का रूप ले चुका है। पूर्व में चौक के किनारे छोटी छोटी दुकाने लगा करती थी। आसपास के ग्रामीणों ने एक बड़े साप्ताहिक बाजार शुरू करने का निर्णय लिया था। आज 40 से 50 व्यवसायी बाजार में अपनी दुकानें लगाते हैं।

### स्कूल बस...

यातायात नियम का पाठ पढ़ाया कि उन्हें किस तरह सड़क में चलने के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है और किस तरह वाहन का परिचालन करना है ताकि घटना ना हो। इसके अलावा शिविर में बस के चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही सभी बसों के चालकों का नेत्र परीक्षण भी किया गया। जिन बस के चालकों की दृष्टि कमजोर पायी गई उन्हें मौके पर ही चश्मा व दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही समय-समय पर उन्हें अपने नेत्रों की जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। शिविर यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। जहां इस शिविर में यातायात प्रभारी सब इंस्पेक्टर गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर, प्रधान आरक्षक साहेब राम खटकर, आरक्षण टिकेश्वर नायक, आरक्षक राकेश साहू, परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, एएसआई प्रवीण कुमार, आरक्षक लोमस वर्मा, विवेक सिंह, सदानंद जांगड़े, संजय वस्त्रकर, शत्रुघन ध्रुव, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ सुमित गुप्ता, डॉ आनंद, गिरिश पांडे, यशवंत कंवर, दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


### घायल ऑटो...

को रखकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चक्काजाम अनवरत जारी रखा। रात लगभग 8 बजे प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार को सवा लाख रुपए व निजी कंपनी में काम देने पर सहमति बनी तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ।

### व्यय प्रेक्षक...

करने के निर्देश दिए। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने गत विधानसभा निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान व्यय लेखा संबंधी कोई समस्या न रहे इस दिशा में सभी को कार्य करना है। उन्होंने वीडियो अवलोकन, फ्लांईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल के सदस्यों से उनके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली एवं सी-विजिल एप्प एवं व्हाट्सएप के माध्यम से व्यय संबंधी जानकारी का शीघ्रता से प्रेषित करने की बात कही। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी सहित सभी विधानसभाओं के निर्वाचन व्यय से जुड़े नोडल व्यय अधिकारी, सहायक व्यय पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### सूदखोरी करने वाले ग्रामीण के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** एक युवक 3 साल पहले इलाज के लिए 1 लाख 36 हजार रुपए एक व्यक्ति से उधार लिए थे। 1 लाख 36 हजार के एवज में 2 लाख से अधिक की रकम देने के बाद भी लगातार पैसों की डिमांड की जा रही थी। जिससे परेशान होकर युवक ने इस मामले की शिकायत पुलिस की है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 384 छत्तीसगढ़ के ऋणियों के संरक्षण अधिनियम 1937 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के जंगल साइड में निवास करने वाले देवी प्रसाद मिरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लगभग 3 वर्ष पूर्व हरदीबाजार क्षेत्र में निवास करने वाले टीकाराम राठौर से 1 लाख 36 हजार रुपए बतौर उधार लिया गया था। जिसके बाद में देवी प्रसाद मिरी ने टीकाराम राठौर को 2 लाख से अधिक की रकम देने के बाद भी लगातार देवी प्रसाद मिरी पर टीकाराम राठौर द्वारा और रकम की मांग किया जाता रहा और देवी प्रसाद मिरी को परेशान कर रहा था। जिस पर देवी प्रसाद मिरी ने इस मामले की शिकायत पुलिस के आला अफसर से की थी। जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए देवी प्रसाद मिरी की रिपोर्ट पर टीकाराम राठौर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सीएसईबी कॉलोनी के एक मकान में लगी आग



**कोरबा।** शहर में आग लगने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। आगजनी से जान माल का नुकसान भी हो रहा है। रविवार की दोपहर एक बार फिर से सिविल लाईन थाना अंतर्गत सीएसईबी पूर्व कॉलोनी के मकान नंबर एसएफ 840 में आग लग गई। आग कैसे और क्यों लगी इस बात का पता नहीं चल सका है। मकान में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के प्रयास में जुट गई। आगजनी की घटना में काफी सामान जल गया है।

### रैली एवं मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरुष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड पाली के शासकीय विद्यालय अमगांव एवं विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पसान व तुमान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृखंला बनाकर मतदान शत-प्रतिशत करने संदेश दिया गया।

### जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** अनुभव भवन बालकोनगर में शनिवार को महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सत्येन्द्र कुमार साहू जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने अपने कहा कि बालकों एवं बालिकाओं का विवाह सही उम्र में करें, नाबालिक को गाड़ी चलाने न दें, अज्ञानता वश बच्चों को दुपहिया वाहन चलाने के लिये दे दिया जाता है, दुर्भाग्यवश दुर्घटना होने पर पीड़ति पक्षकार को घायल एवं मृत्युकारित होने पर बहुत ही अधिक मुआवजा देना पड़ जाता है, इसका हमें ध्यान रखना चाहिये। वाहन चलाते समय ड्राइविंग लायसेंस, वाहन का बीमा एवं गाड़ी का रजिस्ट्रेशन होना आवयश्यक है। विधानसभा, संसद में व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित कैसा रखा जावें, इस संबंध में सोच विचार कर कानून बनाया जाता है।

# मां की ऐसी भक्ति कील पर लेटकर पेट पर जला रहीं मनोकामना ज्योति

## पाली ब्लॉक के ग्राम नेवसा में नजर आया भक्ति का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अलग खबर

आदि शक्ति की 9 दिन तक चलने वाली भक्ति के पर्व नवरात्र पर्व पर माँ की भक्ति के ऐसे नजारे दिखाई पड़ते हैं, जिसमें भक्तों की अटूट श्रद्धा शोभित होती है। ऐसा ही माँ की भक्ति की अटूट श्रद्धा का उदाहरण पाली विकासखंड के ग्राम नेवसा में नजर आ रहा है। 9 दिन तक चलने वाले इस पर्व पर एक संकल्प के साथ निर्जल व्रत रहकर नेवसा निवासी 33 वर्षीय श्रीमती ईश्वरीय चौहान द्वारा लकड़ी के पटरा पर कील ठोकर पीठ के बल लेटकर पेट में जलते हुए मनोकामना ज्योति कलश को रखी हुई हैं। आमतौर पर पेट पर जलते मनोकामना ज्योति कलश रखने वाला भक्ति का स्वरूप दिखा है, किंतु खिले पर लेटकर पेट में ज्योतिकलश रखकर भक्ति का ऐसा स्वरूप कभी कभार ही दिखा है। इस संबंध में ईश्वरीय चौहान पति छोटेलाल चौहान ने बताया कि एक वर्ष पूर्व से सपने में छोटी बच्ची दिखाई पड़ रही थी, जो पूजा करने के लिऐ प्रेरित कर रही थी, इसकी जानकारी वे अपनी पति को दी और पूजा पाठ करने की बात कही। फिर क्वांर नवरात्रि से पूजा-पाठ करने की इच्छा बढ़ गई, तब पुनः एक सफेद साड़ी में एक महिला आकर रूद्राक्ष की माला से जोर-जोर आवाज से जाप करने लगी और कील का बिछावन दिखा, जब सुबह उठी तो वह मंत्र व सपना पूरी तरह याद रहा। इस सपना की सारी बात वे पति को बताई और कील ठोककर बाजवट तैयार किया गया तथा तीन माह से रुद्राक्ष माला एवं सपने में सुने मंत्र को जपने लगी। पूरे नौ दिनों तक अन्न जल फल न खाने न पीने का प्रण लिया। नोकिले कील पर सोने पर भी उसे साधारण बिस्तर पर लेटी हूं जैसे लग रहा है।

**खास बात**

- भक्ति में लीन महिला को 9 दिन के उपवास के साथ भक्ति के इस रूप को देखने ग्रामीणों की लग रही भीड़



## सप्तमी आज, देवी मंदिरों में रहेंगी श्रद्धालुओं की भीड़

# षष्टमी के दिन मड़वारानी पहाड़ पर उमड़ पड़े भक्त, लगी वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मार्ग पर लगी वाहनों की कतार।



दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुगण।

9 दिन तक चलने वाले आदि शक्ति के आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि में मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आ रही है। नदी किनारे स्थापित माँ सर्वमंगला मंदिर से लेकर पहाड़ पर विराजित मड़वारानी मंदिर तक भक्तों का सैलाब उमड़ा हुआ है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में भक्त देवी दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ी देवी भक्तों की गीतों से ग्रामीण अंचल के मंदिर गुंजायमान हो रहे हैं।

नवरात्रि का पर्व शुरू होते ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ 9 दिन तक चलने वाले भक्ति का पर्व के अवसर पर कई नजारे नजर आ रहे हैं। शहर के मंदिरों में जहां सुबह से भक्तों की कतार लगी रहती है, तो वही ग्रामीण अंचलों में कई आदि शक्ति की भक्ति में लीन महिलाएं मान्यता पूरी होने के बाद लेटते हुए नारियल के सहारे माता के दरबार पहुंच रहे हैं। वहीं मंदिरों में ग्रामीण अंचलों की रामायण मंडलियों के द्वारा छत्तीसगढ़ी भक्ति गीतों को गाया जा रहा है। गर्मी कम होने की वजह से भक्तों की भीड़ देवी मंदिरों में पहुंच रही है। कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में स्थित मड़वारानी पहाड़ में नवरात्रि के 6वें दिन सप्तमी के अवसर पर देवी दर्शनों के लिए ऐसे उमड़े भक्त की पहाड़ पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। भक्तों का यह सैलाब मड़वारानी पहाड़ में षष्टमी के दिन रविवार को नजर आया। अवकाश होने के कारण भक्तों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा नजर आई। नवरात्रि के अवसर पर अक्सर ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में ग्रामीण परिवेश से रचे बसे मेले ही लगे रहते हैं। जिनकी शोभा 9 दिन तक चलने वाले देवी भक्ति की पूजा के साथ नजर आता है। एक तरफ जहां भक्त माता की भक्ति में लीन नजर आते हैं तो वहीं दूसरी ओर देवी गीत गाते भक्तों की टोली नजर आती है, तो मेले में लगे दुकानों में युवक युवतियों व महिलाएं खरीदारी करते नजर आते हैं। मड़वारानी पहाड़ का यह मेला अलग ही रौनक दे रहा है। सोमवार को सप्तमी से भक्तों की ज्यादा भीड़ नजर आएगी। पंचमी से देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का और भोग भंडारे का दौर शुरू हो जाता है।

**देवी भागवत का भी जोर**

चैत्र नवरात्र के अवसर पर ग्रामीण अंचलों में इस समय भागवत गीता का भी जोर चल रह है। भक्तों के द्वारा कहीं मंदिरों में भागवत गीता का पाठ कराया जा रहा है, तो कहीं सामूहिक रूप से ग्रामीणों के द्वारा गांव के सार्वजनिक स्थान में भागवत गीता का पाठ चल रहा है। वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो चैत्र नवरात्र के अवसर पर अपने निवास स्थान में ही देवी भागवत का पाठ करा रहे हैं।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं कर्मचारी।

# एचटीपीपी में शुरू हुआ राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता की थीम पर एचटीपीपी में अग्निशमन सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक सह अति. मुख्य अभियंता पीके स्वेन के करकमलों से किया। इसके बाद संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों को आग से उत्पन्न होने वाले जोखिमों के प्रति जागरूकता के प्रचार प्रसार की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि अति. मुख्य अभियंता पीके स्वेन ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई डॉक यार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निकर्मियों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ऐसी दुर्घटनाओं के प्रति प्रो एक्टिव एप्रोच विकसित किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। संयंत्र के अति. मुख्य अभियंता सुधीर कुमार पंड्या, एमएस खान, भुवनेश्वर प्रसाद, अधीक्षण अभियंता अरविंद एक्का, नरेन्द्र उइके, सहायक अभियंता दीपक देशमुख सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अग्निशमन विभाग के सहायक अग्निशमन अधिकारी जीपी पनरिया, उप अग्निशमन अधिकारी जीपी कैथवास एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा औद्योगिक हादसे की स्थिति में प्रयोजनीय अग्निरोधी उपकरणों के सुरक्षित उपयोग की विधि पर प्रकाश डाला गया । अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित है। इस दौरान संयंत्र-कर्मियों को अग्निशामक उपकरणों के प्रचालन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान कर अग्नि सुरक्षा विषयक जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## शहर में निकाली गई जागरुकता रैली



जिले में अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के दौरान लोगों को कई तरह की जानकारियां दी जा रही है। 14 अप्रेल के दिन ही मुंबई के डॉकयार्ड में आग की चपेट में आने से 66 लोगों की शहादत हुई थी,उसी की याद में यह दिन मनाया जाता है। सेवा सप्ताह के पहले दिन होमगार्ड विभाग से एक रैली निकाली गई, जिसने पूरे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों को आग से बचने के लिए कई तरह की जानकारियां दी गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 20 अप्रेल तक यह आयोजन चलेगा जिसके तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# निगम आयुक्त ने प्रकरण की जांच शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैशालीनगर कुसमुण्डा स्थित एसएलआरएम सेंटर की सुपरवाईजर श्रीमती सपना वनवाले द्वारा 13 अप्रैल को प्रेसवर्ता के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पर आरोप लगाया गया कि श्रीमती सपना वनवाले के विरूद्ध 16 जनवरी को उक्त सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों ने नगर निगम आयुक्त को लिखित शिकायत की, कि सुपरवाईजर श्रीमती वनवाले द्वारा करीब 6 वर्षों से अपशिष्ट व कबाड सामग्री बेचने से प्राप्त राशि का गबन कर लिया गया है तथा उक्त राशि में स्वच्छता दीदियों को मिलने वाले हिस्से की राशि उनके द्वारा नहीं दी गई है। अपनी शिकायत में स्वच्छता दीदियों द्वारा सेंटर सुपरवाईजर पर उन्हें लगातार प्रताड़ति करने, गाली गलौच करने, पैर छूकर अनावश्यक रूप से बिना गलती के माफी मंगवाने सहित अन्य शिकायतें भी की गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे शिकायत की निष्पक्ष जांच कराएं, निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 3 सदस्यीय जांच समिति गठित कर निष्पक्ष जांच करने के निर्देश समिति को दिए गए। जांच समिति द्वारा शिकायत की विस्तृत जांच की गई, सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों के बयान समक्ष में लिए गए तथा दस्तावेजों, पंजियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें सेंटर सुपरवाईजर श्रीमती सपना वनवाले के विरूद्ध की गई शिकायत को सही पाया व उन्हें दोषी माना गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.तिवारी द्वारा सेंटर सुपरवाईजर श्रीमती सपना वनवाले को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा गया, साथ ही उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के पीआईयू गौरव सिंह को भी नोटिस जारी कर तत्संबंध में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सेंटर सुपरवाईजर श्रीमती सपना वनवाले द्वारा अपने जवाब में कोई संतुष्टिपूर्ण तथ्य एवं प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। निगम आयुक्त ने शिकायत को गंभीरता के साथ लिया है तथा प्रकरण की जांच शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जांच की फाईनल रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी होंगे उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- कुसमुण्डा एसएलआरएम का मामला

# सवा किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी

बालको पुलिस की टीम ने गांजा की तस्करी करने पहुंचे सवा किलो गांजा की खेप के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा नशीले पदार्थ का व्यापार करने वाले तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये दिए गए हैं। इसी कड़ी में बालको थाना पुलिस की टीम को शहर में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ध्यानचंद चौक यात्री प्रतीक्षालय के पास बालको गांजा रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस की टीम मुखबिर के बताये अनुसार घेराबंदी कर आरोपी अनीश मोहम्मद से पॉलिथीन में रखे 1.150 किलोग्राम गांजा को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 20 (ख) एनडीपीएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

### जहर खाकर युवक ने कर ली खुदकुशी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के भैरोताल निवासी बलिराम यादव 38 वर्ष पिता जयराम यादव ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। बताया जाता है कि अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और लगभग 11 बजे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

हरिभूमि 21 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# विकास कार्यों के लिए गंभीर नहीं कांग्रेस : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते उद्योगमंत्री श्री देवांगन।

कोरबा की जनता ने कांग्रेस का मंत्री, कांग्रेस का महापौर और कांग्रेस का सांसद भी एक ही पंचवर्षीय में देख लिया। इन पांच साल में सिर्फ और सिर्फ लूट, खसोट, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार का ही आलम रहा। कभी विकास कार्यों को लेकर न तो कांग्रेस के जनप्रतिनिधि गंभीर रहे न कोई पहल की। यही वजह है की आज शहर की रिहायशी इलाकों की सूरत बस्तियों से भी बदतर हो चुकी है।

उक्त बातें रविवार को एमपी नगर में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। उन्होंने कहा कि आज शहर के जिन कॉलोनियों को निगम ने बसाया था उनमें एक की भी स्थिति सही नहीं है। लंबे समय से एमपी नगर के सिवरेज सिस्टम की पूरी लाइन को बदलने की मांग की जा रही है, लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ हवाहवाई बाते ही की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार सभी कॉलोनियों का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समस्या के निदान के लिए अब आपको मांग करने की जररूत नही पड़ेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संकल्प पत्र जारी किया है, इसमें कई ऐतिहासिक घोषणा की गई है। वरिष्ठ नागरिकों को अब निशुल्क ईलाज की सुविधा मिलेगी। अब हर गरीब को पक्का आवास मिलेगा। अगले 5 साल तक गरीब भाई बहनों को मुफ्त राशन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण श्रीवास, सोनू भाटिया, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, रामकुमार राठौर, शैलेंद्र यादव समेत अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण और आम जनमानस उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- कांग्रेस ने एमपी नगर की समस्या को हर बार किया दरकिनार, भाजपा सरकार में ठीक होगी सिवरेज सिस्टम
- एमपी नगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में शामिल हुए उद्योग मंत्री

